News सिटी चीफ

वर्ष-16, अंक-24
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, बुधवार, 30 अप्रैल , 2025

**आज का विचार**
कठोर परिश्रम की सीढ़ी चढ़कर ही आप सफलता के शीर्ष पर पहुँच सकते हैं।




# पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला पंजाब से अरेस्ट

## आरोपी का बिहार से है कनेक्शन

पंजाब, पंजाब की बठिंडा पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले एक शख्स को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बठिंडा कैंट से की गई है। जांच-पड़ताल के दौरान आरोपी के बिहार कनेक्शन की भी जानकारी मिली। अब पुलिस सब कुछ खंगाल रही है। खबरों के मुताबिक, जासूसी के आरोप में बठिंडा कैंट से गिरफ्तार किया गया सुनील राम का संबंध बिहार के समस्तीपुर जिले का है।

वह सिहमा गांव का रहने वाला है। गांव के लोग सुनील की गिरफ्तारी की सूचना के बाद



स्तब्ध हैं। सुनील राम के बारे में लोगों का कहना है कि उसके पिता इंग्लिश राम की मौत हो चुकी है। गांव में मां और भाई का परिवार रहता है। गांव के लोगों को पहले से ही उसके रुतबे को देखकर शक होता था। गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद से गांव के लोग हैरान हैं।

गांव के लोगों ने बताया कि जब भी सुनील राम अपने गांव आता था तो लग्जरी गाड़ी से आता था। उसके साथ एक दो बाहरी लोग रहते थे। सभी के चेहरे पर बड़ी-बड़ी दाढ़ी रहती थी। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि इस बार होली के दौरान एक दिन के लिए घर आया था। लग्जरी कार में उसके अलावा दो लोग थे। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि उसके पास पिस्टल भी थी। पंजाब के बठिंडा में अपनी जमीन खरीद कर बड़ा घर बनाया हुआ है। गांव में भी घर किसी से कम नहीं है। दोनों भाई ऐशो आराम की जिंदगी जीता था। वहीं सुनील की गिरफ्तारी की सूचना के बाद अचानक ही परिवार के लोग घर में ताला लगाकर कहीं गायब हो गए हैं। देर शाम अचानक ही गांव में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है।

### ताड़ी पर चिराग पासवान का बयान

# यह प्राकृतिक उत्पाद, शराब की श्रेणी में न रखें

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने सोमवार को ताड़ी को एक प्राकृतिक उत्पाद बताते हुए कहा कि इसे शराब की श्रेणी में नहीं रखा जाना चाहिए। दरअसल, बिहार में शराब प्रतिबंधित है और उनका यह बयान उस समय आया जब बिहार में शराबबंदी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

**तेजस्वी के बयान का समर्थन**

विपक्ष के नेता और राष्ट्रीय जनता दल के उपमुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने रविवार को यह वादा किया था कि अगर उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में सत्ता में आती है तो ताड़ी पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया जाएगा।

चिराग पासवान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, मैंने कई बार कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी के तौर पर मेरी पार्टी राज्य सरकार का समर्थन करती है, लेकिन हम यहां शासन का हिस्सा नहीं हैं। मैं यह निश्चित रूप से मानता हूं कि ताड़ी एक प्राकृतिक उत्पाद है और इसे शराब नहीं माना जाना चाहिए।

**पासी समुदाय प्रभावित**

ताड़ी का व्यवसाय राज्य में परंपरागत रूप से पासवान समुदाय से जुड़ा रहा है। इसे



लेकर उन्होंने कहा कि यह राज्य में पारंपरिक रूप से पासवान समुदाय से जुड़ा रहा है और यह समुदाय पीढ़ियों से इस काम में संलग्न है। उन्होंने यह भी कहा कि शराबबंदी के कारण इस समुदाय को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि ताड़ी उनके लिए आजीविका का प्रमुख साधन था।

तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे पर कहा था कि शराबबंदी कानून ने खासकर पासी समुदाय को प्रभावित किया है, जिनका मुख्य स्त्रोत आय ताड़ी निकालने का काम है। यादव ने पटना में आयोजित पासी समुदाय के सम्मेलन में कहा कि इस समुदाय के पास आजीविका के अन्य साधन या कृषि भूमि नहीं है, इसलिए ताड़ी निकालने की प्रथा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबंध हटाना जरूरी है।

### बिहटा-सरमेरा रोड पर हादसे में युवक की मौत

# दोस्तों के साथ घर लौट रहा था तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

**नालंदा**, नालंदा में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मामला बिन्द थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग के अलीपुर मोड़ के समीप की है। मृतक की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के चंडासी गांव निवासी किशोर यादव के पुत्र धर्मवीर कुमार (22) के रूप में की गई है। इस हादसे में सरमेरा थाना क्षेत्र के ललन यादव का पुत्र पिंटू कुमार (25) एवं नई दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र के नेहरू विहार निवासी सुनील यादव के पुत्र राजू यादव (40) गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।

बताया जाता है कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर सरमेरा थाना क्षेत्र के मिसिया गांव से नूरसराय के चंडासी गांव जा रहे थे। इसी बीच बिन्द थाना क्षेत्र के अलीपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर



सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बिन्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने धर्मवीर कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि राजू यादव एवं पिंटू कुमार को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार, धर्मवीर कुमार की पत्नी की तबीयत खराब हो गई थी। वह किसी काम से सरमेरा गया हुआ था। सूचना मिलने पर वह दोस्तों के साथ घर लौट रहा था। बिंद थानेदार चंदन कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन की पहचान में पुलिस जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# मौसी की बेटी से प्यार, लड़की ने किया मना तो बीच सड़क पर कर दिया खौफनाक कांड

बिहार के बक्सर से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दरअसल यहां एक युवक के सिर पर एकतरफा प्यार का ऐसा फितूर चढ़ा कि उसने बीच सड़क जमकर हंगामा किया।

**जानें क्या है पूरा मामला**

मिली जानकारी के अनुसार, एक युवती टोटो में सवार होकर अपने घर जा रही थी। इस दौरान बीच सड़क एक युवक टोटो रोक उसे उतारने लगा। जब लड़की ने इस बात पर आपत्ति जताई तो उसने हवा में फायरिंग कर दी। इसके बाद युवक ने कट्टे से उस पर



हमला कर दिया। जिससे लड़की जख्मी हो गई। वहां मौजूद लोगों ने युवक को पकड़ लिया। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया। बताया जा रहा है कि लड़की युवक की सगी मौसी की बेटी है। रिश्ते में उसकी सगी मौसेरी बहन लगती है।

इधर सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लिया। साथ ही घटनास्थल से एक कट्टा, एक खोखा और गोली बरामद की। फिलहाल पुलिस आरोपी को पकड़ जांच में जुट गई।

# देशरत्न की धरती के लाल नर्मदेश्वर तिवारी संभालेंगे वायुसेना उप प्रमुख का पद, बिहार गौरवान्वित

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पूरे देश के साथ दुनिया की नजर भारत की तीनों सेनाओं पर है। पहली जिम्मेदारी वायुसेना निभाती है, इसलिए उसपर नजर सभी की है। ऐसे में मंगलवार देर रात भारतीय वायुसेना के उप प्रमुख, यानी वाइस चीफ ऑफ एयर फोर्स के रूप में नर्मदेश्वर तिवारी का नाम आते ही बिहार के लोग रोमांचित हो उठे। देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की धरती सीवान के लाल नर्मदेश्वर तिवारी पहलगाम हमले के बाद अहम भूमिका में आए तो उनके गांव में एक तरह का जश्न हो गया। रोमांचित लोगों ने कहा कि अब दुश्मन देश के छक्के छूटेंगे।

**सीवान के लोग बोले- अब बिहार की अहम भूमिका होगी**

सीवान देशरत्न राजेंद्र बाबू की धरती रही है। इस धरती से एक नाम मंगलवार रात से सुर्खियों में है। भारतीय वायु सेना में सीवान जिले के गुठनी थाना क्षेत्र के सिकलपुर गांव के रहने वाले नर्मदेश्वर तिवारी को वायु सेना में वाइस चीफ बनाया गया है। जैसे ही यह खबर गांव वालों को लगी पूरा गांव खुशी से झूम उठा। दूर-दूर के लोग भी इनके परिवार से मिलने का रहे हैं। बधाइयों का तांता लगा तो लगा ही है, लोग यह भी कह रहे हैं कि अब भारत के दुश्मनों से बदला लेने में बिहार की अहम भूमिका होगी।

**कल प्रभार लेंगे नर्मदेश्वर तिवारी, बॉर्डर पर तनाम की स्थिति**

बताया जा रहा है कि नर्मदेश्वर तिवारी 1 मई को जॉइन करेंगे। बुधवार 30 अप्रैल को एयर मार्शल सुजीत पुष्पकर धारकर के रिटायर होने के बाद नर्मदेश्वर तिवारी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। सुजीत पुष्कर धारकर 40 वर्ष से ज्यादा सेवा देने के बाद रिटायर हो रहे हैं। इसी महीने की 22 तारीख को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, जिसमे 26 आम लोगों को आतंकियों ने मार डाला था। इस हमले में पड़ोसी देश पाकिस्तान का हाथ माना जा रहा है।

## *STF* ने 4 अपराधियों को दबोचा

# *BJP* नेता मुन्ना शर्मा की हत्या का मास्टरमाइंड चढ़ा पुलिस के हत्थे

**पटना**, पटना सिटी में एसटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर चौक थाना क्षेत्र में छापेमारी कर भाजपा नेता श्याम सुंदर शर्मा उर्फ मुन्ना शर्मा की हत्या में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। वारदात का मास्टरमाइंड सन्नी मल्लिक भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। अपराधियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। पकड़ाए बदमाशों में चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब का सन्नी मल्लिक उर्फ राजा मल्लिक,





खाजेकलां थाना क्षेत्र के पादरी की हवेली का रोहित उर्फ टिंकू यादव, चौक थाना क्षेत्र घघा गली का यश कुमार उर्फ दुर्लभ उर्फ मिरचाई और चौक थाना क्षेत्र के कठौतिया गली का अभिषेक प्रकाश उर्फ रौशन शामिल है।

पकड़ाए बदमाशों के पास से एक पिस्टल, दो कट्टा, नौ जिंदा गोली, एक मैगजीन व लूटी गई एक बाइक बरामद की गई है। प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि आपसी विवाद में ही भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या की गई थी। वे नशा बेचने वालों का विरोध करते थे। इस मामले में पूर्व में भी पुलिस ने कुछ अपराधियों को गिरफ्तार किया था।

**लूटपाट के इरादे से जमा हुये थे अपराधी**

पकड़े गये बदमाश लूटपाट की मंशा से इकट्ठा हुये थे। इसकी जानकारी होते ही घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया गया। पकड़ा गया यश कुमार उर्फ दुर्लभ सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के जेपी-गंगा पथ पर हुए मो. शहनवाज की हत्या में शामिल था। इसके अलावा मंगलवार को सुबह 9 बजे के करीब वार्ड पार्षद मुन्ना जयसवाल से और पीएमसीएच के पास भोजपुरा फार्मा में रंगदारी को लेकर गोलीबारी का आरोपित है।

वहीं सन्नी भाजपा नेता मुन्ना शर्मा हत्याकांड का आरोपित है।

उसके खिलाफ चौक थाना में हत्या, लूट, डकैती व आर्म्स एक्ट में कई मामले दर्ज हैं। रोहित के खिलाफ पटना और वैशाली जिले के कई थानों में डकैती व ऑर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।